
जैन समाजात प्रचंड खपाचे व लोकप्रिय मासिक

# जैन जागृति

(Since 1969) www.jainjagruti.in



६२ ऋतुराज सोसायटी, पुणे-सातारा रोड, भापकर पेट्रोल पंपा समोर, सिटी प्राईडच्या पुढची लेन, पुणे ४११०३७.
मो. : ८२६२०५६४८०, ☎ : ०२० - २४२१५५८३
मोबाईल : संजय ९८२२०८६९९७, सुनंदा ९४२३५६२९९१

❖ संस्थापक ❖
**स्व. श्री. कांतीलालजी चोरडिया**

संपादक व प्रकाशक : संजय के. चोरडिया
सहसंपादक : सौ. सुनंदा एस. चोरडिया

❖ वर्ष ५३ वे ❖ अंक ९ वा ❖ मे २०२२ ❖ वीर संवत २५४८ ❖ विक्रम संवत २०७८

## या अंकात

| | पान नं. |
|---|---|
| ● जितो कनेक्ट - २०२२, पुणे | १५ |
| ● श्री. आदेश खिंवसरा, मानवसेवा पुरस्कार | १६ |
| ● चि. विश्व चोरडिया - नव्वाणू यात्रा | १७ |
| ● श्री. नरेंद्रकुमारजी बलदोटा - डॉक्टरेट | १९ |
| ● अर्जुन चॅरिटेबल ट्रस्ट, आरोग्य शिबीर | २२ |
| ● रसिकलाल माणिकचंद धारिवाल हॉस्पिटल, नाशिक - उद्‌घाटन | २३ |
| ● कव्हर तपशील | २४ |
| ● नवपद ओली आराधना - उज्जैन | ३१ |
| ● संचेती ट्रस्ट, पुणे - पाणपोई उद्‌घाटन | ३२ |
| ● राहुल इंजिनिअरींग ग्लोबल प्रा.लि., पुणे | ३२ |
| ● महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव, पुणे | ३३ |
| ● दान का महात्मय | ३९ |
| ● ऐसी हुई जब गुरुकृपा - खूँटे सूं ना बांध | ४४ |
| ● परिवार नाती सांभाळा | ४५ |
| ● अंतिम महागाथा ३८ : सोना या जागना अच्छा | ४९ |
| ● जिन शासन के चमकते हिरे | ५३ |
| ● मोक्ष मार्ग के २१ कदम - गुरु भक्ती : १ | ६५ |
| ● देश पुन्हा एकत्र करण्यासाठी अनेकांतवादची गरज | ६९ |
| ● भावनाओं की अभिव्यक्ति हो किन्तु प्रदर्शन न हो | ७५ |
| ● मनाची अवस्था | ७६ |
| ● जीवन बोध : तीन मूर्तियाँ | ७७ |
| ● मोक्ष का बीमा | ७९ |
| ● रिंगबिरंगी : ४ - रंग भौतिकवाद के | ८० |
| ● महापुरुषों के विशेषण | ८१ |
| ● सोडून गेल्यावर miss you म्हणण्यापेक्षा सोबत आहे तो पर्यंत with you म्हणा | ८३ |
| ● किस में कौन श्रेष्ठ है ? | ८४ |
| ● हास्य जागृति | ८५ |
| ● अजून ही जग किती चांगलं आहे | ८६ |
| ● प्रशस्त जीवनशैली के आयाम | ८७ |
| ● दोष भयंकर | ८९ |
| ● मृत्यु महोत्सव | ८९ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ● डॉ. शैलेश पगारिया – पुरस्कार | ९५ | ● नामको हॉस्पिटल, नाशिक | १०३ |
| ● सरहद संस्था, काश्मीर शाळा – उद्‌घाटन | ९५ | ● बेचरदास मानचंद जैन ट्रस्ट, पुणे | १०४ |
| ● पूना हॉस्पिटल, पुणे | ९६ | ● डॉ. प्रदिप बाफना, पुणे | १०५ |
| ● केवलधाम, राहुरी | ९७ | ● जीवनातील परतफेड आणि उरलेले आयुष्य आनंदात कसे जगावे ? | १०७ |
| ● तरुणभाई खाटडिया, पुणे | ९८ | | |
| ● अर्हम् विज्जा ट्रेनर्स सम्मेलन, पुणे | ९९ | ● अनदेखी करें | १०९ |
| ● श्री. संकेतजी ललवाणी – पुरस्कार | ९९ | ● हम एक है | १०९ |
| ● जैन अनाथाश्रम | १०१ | ● विविध धार्मिक, सामाजिक बातम्या | |



**जैन जागृति मासिकाचे वर्गणी दर** ❖ एका वर्षात तीन मोठ्या अंकासहित

| पंचवार्षिक | रु. २२०० | त्रिवार्षिक | रु. १३५० | वार्षिक | रु. ५०० |
|---|---|---|---|---|---|

या अंकाची किंमत ५० रुपये.

● www.jainjagruti.in
● www.facebook.com/jainjagrutimagazine



## सुसंस्कार व सदाचाराचा पुरस्कार करणाऱ्या 'जैन जागृति' मासिकाचे वर्गणीदार व्हा !

- वीतराग वाणी, आचार्य, साधू, साध्वी यांचे लेख, धार्मिक, सामाजिक व शैक्षणिक लेख, धार्मिक कथा, बोधकथा, ऐतिहासिक पुरुषांचे जीवन चरित्र, तीर्थक्षेत्र परिचय, समाज प्रबोधन लेखमाला, दीपावली पूजन विधी व मुहूर्त, आरोग्य व गृहोपयोगी लेख, विविध बातम्या इ. साहित्य जैन जागृतित प्रकाशित केले जाते.
- आपण स्वत: जैन जागृतिचे ग्राहक बना व आपले नातेवाईक, मित्र, व्यापारी बंधू इत्यादींना वर्गणीदार नसतील तर त्यांना वर्गणीदार होण्यास सांगा.
- 'जैन जागृति' मासिकाची वर्गणी भरून इतरांना भेट पाठवा.

जैन जागृति वर्गणी व जाहिरात – रोख/Google Pay, M. 9822086997/AT PAR चेक/पुणे चेकने/ RTGS / Jain Jagruti Website इत्यादी द्वारा पाठवावी

**BANK ACCOUNT DETAILS - A/C Name : JAIN JAGRUTI**

**Bank : STATE BANK OF INDIA**    **Branch : Market Yard, Pune 37.**

**Current A/c No. : 10521020146**    **IFS Code : SBIN0006117**



'जैन जागृति' हे मासिक मालक, मुद्रक व प्रकाशक एस. के. चोरडिया यांनी प्रकाश ऑफसेट, शॉप नं. १२-१३, पर्वती टॉवर्स, पुणे – ४११००९ येथे छापून ६२ बी, ऋतुराज सोसायटी, पुणे-सातारा रोड, पुणे – ४११ ०३७ येथे प्रसिध्द केले. संपादक – एस. के. चोरडिया

"Jain Jagruti" monthly magazine is owned, printed & published by S. K. Chordia, Printed at Prakash Offset, Shop No. 12-13, Parvati Towers, Pune 411009. Published at 62-B, Ruturaj Society, Pune - Satara Road, Pune - 411 037. Editor - S. K. Chordia



टिप : या अंकात प्रसिध्द झालेल्या मताशी संपादक सहमत असतीलच असे नाही. जैन जागृति संबंधित कोणत्याही कायदेशीर कारवाईसाठी पुणे न्यायलय क्षेत्र ग्राह्य धरले जाईल.

टिप : जैन जागृति अंकात प्रकाशित लेख, बातम्या, जाहिरातीचे सर्वाधिकार सुरक्षीत आहेत.

## कव्हर तपशील - मे २०२२




❖ **भगवान महावीर जन्म कल्याणक, पुणे**

श्री जैन सामुदायिक उत्सव समिती, पुणे तर्फे जैन समाजाचे चारही संप्रदाय एकत्र येऊन श्री तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी चा २६२१ वा जन्म कल्याणक मोठ्या उत्साहात साजरा करण्यात आला. सकाळी भगवान महावीरांच्या प्रतिमेची भव्य मिरवणूक श्री गोडीजी पार्श्वनाथ मंदिर येथून काढण्यात आली. संध्याकाळी जय जिनेंद्र प्रतिष्ठान येथे सांस्कृतिक कार्यक्रमाचे भव्य आयोजन करण्यात आले. यात लाईट अ‍ॅण्ड साऊंड शो, लेसर शो, शास्त्रीय नृत्य, गरबा इ. सादर करण्यात आले. दुपारी दादावाडी जैन मंदिर येथून अहिंसा टू व्हीलर रॅलीचे आयोजन करण्यात आले होते.

(बातमी पान नं. ३३ ते ३७)

❖ **श्री. नरेंद्रकुमारजी बलदोटा – डॉक्टरेट**

बलदोटा ग्रुपचे अध्यक्ष आणि व्यवस्थापकीय संचालक श्री. नरेंद्रकुमारजी ए. बलदोटा यांना विजयनगर विद्यापीठाने डॉक्टरेट पदवी देऊन सन्मानित केले. डॉक्टर ऑफ लिटरेचर हा पुरस्कार कर्नाटकचे मानद राज्यपाल श्री. थावरचंदजी गेहलोत यांनी यांना श्री. नरेंद्रकुमारजी ए. बलदोटा यांना खाण उद्योग, शिक्षण, पर्यावरणीय उपक्रमांसह, समुदाय विकास उपक्रमांमध्ये योगदान दिल्याबद्दल दिला. (बातमी पान नं. १९)

❖ **चि. विश्व चोरडिया – पालीताना नव्वाणू यात्रा**

पुण्यातील प्रसिध्द उद्योगपती व सुहाना मसालाचे प्रमुख श्री. विशालजी राजकुमारजी चोरडिया यांचे ज्येष्ठ पुत्र विश्व चोरडिया यांनी वयाच्या २० व्या वर्षी गुजरात येथील पालीताना येथे नव्वाणू यात्रा पूर्ण केल्याबद्दल सकल जैन समाजाच्या वतीने त्यांचा भव्य सन्मान करण्यात आला.

सकल जैन समाजाचे अध्यक्ष श्री. विजयकांतजी कोठारी यांनी विश्व चोरडिया यांच्या सन्मानाचे आयोजन महावीर प्रतिष्ठान येथे केले होते. या कार्यक्रमाला सर्वश्री हुकमीचंदजी चोरडिया, राजकुमारजी चोरडिया, विशालजी चोरडिया, सुभाषजी लोढा, प्रकाशजी धारीवाल, सौ. मधुबाला चोरडिया, सौ. श्वेता चोरडिया यांची मंचावर उपस्थिती होती. (बातमी पान नं. १७)

❖ **गौतमलब्धी फाऊंडेशन, पुणे**

गौतमलब्धी फाऊंडेशन, पुणे तर्फे १३ एप्रिल रोजी गणेश कला क्रिडा मंच, स्वारगेट येथे स्वर आराधना भक्ती संगीत कार्यक्रमाचे भव्य आयोजन करण्यात आले होते. यावेळी सर्वश्री महेशजी संचेती, श्री. ओमजी संचेती, श्री. संदिपजी पंचवडकर यांनी कार्यक्रम सादर केला. यावेळी दिप प्रज्वलन करताना गौतम लब्धी फाऊंडेशनचे अध्यक्ष श्री. अनिलजी नहार, कार्यक्रमाचे प्रायोजक श्री. सुनीलजी व श्री. सचिनजी नहार, सह प्रायोजक श्री. राजेंद्रजी मुथा, श्री. दिपचंदजी पारख, सौ. राजश्री पारख इ. मान्यवर. (बातमी पान नं. ३७)

❖ **श्री. रसिकलाल धारिवाल हॉस्पिटल, नाशिक**

नाशिक येथे नुकतेच आर. एम. डी. फाऊंडेशनच्या माध्यमातून ११ कोटी निधीतून उभारण्यात आलेल्या १६५ बेडच्या सुपर स्पेशालिटी श्री. रसिकलाल माणिकचंद धारीवाल हॉस्पिटल अँड रिसर्च सेंटर

रुग्णालयाचा लोकार्पण सोहळा पार पडला. या उद्घाटन प्रसंगी आचार्य पुलक सागरजी महाराज, मंत्री श्री. छगनजी भुजबळ, शोभाजी धारिवाल, जान्हवी धारविाल-बालन इ. मान्यवर.
(बातमी पान नं. २३)

- **भगवान महावीर जन्म कल्याणक व आयंबील ओली – उज्जैन**
ऐतिहासिक शहर उज्जैन येथे भगवान महावीर जन्म कल्याणक, गुरु विश्व रत्न जन्म अर्धशताब्दी, आयंबील ओली भव्य कार्यक्रमात साजरा करण्यात आला. यावेळी आयंबील ओलीचे लाभार्थी श्री. ओमप्रकाशजी रांका यांनी राज्यपाल, मुख्यमंत्री यांचा सन्मान केला. (बातमी पान नं. ३१)

- **राहुल इंजिनिअरींग ग्लोबल प्रा. लि., पुणे**
मुंबई येथे २० व २१ एप्रिल रोजी केमिकल कंपन्याचे एक्झिबिशन संपन्न झाले. यात चाकण, पुणे येथील राहुल इंजिनिअरींग ग्लोबल प्रा.लि. यांनी भाग घेतला. यावेळी कंपनीचे एम.डी. व संचालक श्री. राहुलजी चंद्रकांतजी छाजेड व संचालिका सौ. राखी छाजेड इ. मान्यवर.
(बातमी पान नं. ३२)

- **श्री. आदेशजी खिंवसरा – मानवसेवा पुरस्कार**
पुणे : महाराष्ट्राचे राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी यांच्या हस्ते सामाजिक कार्यकर्ते आदेश खिंवसरा यांना 'सूर्यदत्त मानवसेवा राष्ट्रीय पुरस्कार' देऊन सन्मानित करण्यात आले. सामाजिक व धार्मिक क्षेत्रातील उल्लेखनीय कार्याबद्दल सूर्यदत्त ग्रुप ऑफ इन्स्टिट्यूटच्या वतीने त्यांच्या कार्याचा गौरव करण्यात आला. सन्मानचिन्ह, शाल, सन्मानपत्र असे पुरस्काराचे स्वरूप आहे. यावेळी 'सूर्यदत्त'चे संस्थापक अध्यक्ष प्रा. डॉ. संजयजी चोरडिया, उपाध्यक्षा सुषमाजी चोरडिया आदी उपस्थित होते.
(बातमी पान नं. १६)

- **अर्हम् ग्रुप, डॉ. शैलेशजी पगारिया – शिक्षण रत्न, पुरस्कार**
पुणे येथील अर्हम् ग्रुपचे अध्यक्ष डॉ. शैलेशजी खुशालचंदजी पगारीया यांना त्यांच्या शैक्षणिक व सामाजिक कार्यासाठी शिक्षणरत्न पुरस्कार ग्रीन वर्ल्ड पब्लिकेशनच्या वतीने देण्यात आला. पिंपरी चिंचवडचे पोलीस कमिशनर कृष्ण प्रकाश, ग्रीन वर्ल्ड पब्लिकेशन श्री. गौतम कोतवाल, आमदार दिलीप मोहिते, डॉ. दत्ता कोहिनकर यांच्या हस्ते सन्मानित करण्यात आले. यावेळी सोबत सौ. प्रिती शैलेशजी पगारिया व श्रीमती कांचन खुशालचंदजी पगारिया इ. मान्यवर.
(बातमी पान नं. ९५)

- **संचेती ट्रस्ट, पुणे – पाणपोई उद्घाटन**
पुणे – स्व. इंदुमती बन्सीलाल संचेती ट्रस्टच्या वतीने मार्केट यार्डात पाणपोईची सुरुवात करण्यात आली. पाणपोईचे उद्घाटन राज्याचे पणन संचालक सुनीलजी पवार यांच्या हस्ते झाले. यावेळी कृषी उत्पन्न बाजार समितीचे प्रशासक मधुकांतजी गरड, काँग्रेसचे सरचीटणीस अभयजी छाजेड, ट्रस्टचे अध्यक्ष अभयजी संचेती, मनिषजी संचेती, ॲड. गौरीजी भटेवरा, सचिनजी गदिया, विजयजी शिंगवी, सुरेंद्रजी श्रीश्रीमाल उपस्थित होते.
(बातमी पान नं. ३२)

**सुसंस्कार व सदाचारासाठी 'जैन जागृति' नियमित वाचा**

**आपले नातेवाईक, स्नेहीजण, व्यापारी बंधू यांना 'जैन जागृति' मासिक भेट पाठवा.**

**जैन जागृति मासिकाचे वर्गणी दर**

| | | |
|---|---|---|
| पंचवार्षिक | रु. २२०० | कोणत्याही महिन्यापासून वर्गणीदार होता येते. |
| त्रिवार्षिक | रु. १३५० | **'जैन जागृति'** |
| वार्षिक | रु. ५०० | नावाने वर्गणी पाठवा. |

# दान का महात्म्य

**प्रवचनकार : आचार्यप्रवर श्री हीराचन्द्रजी म.सा.**

अकारण करुणाकर सिध्द भगवन्त, अनन्त-अनन्त उपकारी वीतराग भगवन्त, प्रतिपल अभयदान देने वाले संत भगवन्तों के चरणों में कोटि-कोटि वन्दन!

बन्धुओं !

ज्ञान-दर्शन-चारित्र-तप की आराधना करते हुए अनन्त प्राणी भव-बंधन को काटकर मुक्ति की ओर बढ़े हैं । सम्यक्त्व के ६७ बोल में मोक्षमार्ग के जिन चार चरणों का उल्लेख है, वहाँ कहा है -

दानं सुपात्रं सुभगं च शीलं, तपो विचित्रं, शुभ भावना च।
भवार्णवोत्तारण यान पात्रं, धर्मश्चतुर्धा मुनियो वदन्ति ।।

यहाँ भी चार प्रकार के धर्म कहे हैं । संसार में समुद्र को पार करने के लिए जहाज या नौका काम आती है, उसी तरह संसार-सागर से पार होने में दान, शील, तप और भावना सहायक हैं । दान-शील-तप-भावना रुप धर्म जहाज भी तिराने में सहायक है, संसार-सागर से पार कराता है ।

धर्म किसे कहते हैं ? कहा है - ''दुर्गतौ प्रपततोजीवान् रुणर्ध्दि सुगतौतान धारयतीति धर्म:'' अर्थात् दुर्गति में गिरने वाले प्राणियों को जो धारण करता है, उसे धर्म कहते हैं । इस धर्म के लिए दान, शील,तप और भावना ये चार बातें कही हैं । एक-एक विषय का चिन्तन करें । दान देना या दान करना सरल काम है । शील पालना, तप करना और भावना भाने से दान करना सरल है । शील पालना सरल होता तो आज आपके सामने न जाने कितने-कितने झंझट है, उन्हें झेलना नहीं पडता । स्वामी जी श्री चौथमलजी महाराज तो कहते थे कि एक भगवान् की आज्ञा मान लेते तो रोज-रोज नारी की आज्ञा नहीं माननी पड़ती । शील पालना सरल नहीं है । यदि सरल होता तो अनेक शास्त्रों के ज्ञाता, वासना के दलदल में फँसकर नीचे आते नजर नहीं आते । शील पालना सरल नहीं है तो तप करना भी उतना सरल नहीं है । कल आपने सुना - हर एक से सुनना और सुनाना या लडना और लडाना सहज है पर अन्न से लडना बहुत मुश्किल है । भूख सबसे बड़ा परीषह है। भूख में दो अक्षर हैं । एक है 'भू' और एक है 'ख' । भू यानी पृथ्वी, ख अर्थात् आकाश । भूखे को रात में तो तारे दिखते ही हैं, दिन में भी तारे नजर आते हैं । आदमी रहता भले ही जमीन पर है, देखता आकाश की ओर है । शास्त्र कह रहा है - भूख न जाने आदमी से कैसे-कैसे पाप कराती है ? इस भूख की ज्वाला ने हिंसा कराई, झूठ बोलने पर मजबूर किया । भूख ने किसी की गाँठ काटी तो कभी किसी की शील-सदाचार भी दाँव पर लगा दिया ।

शील पालना सरल नहीं, तो तप करना भी सरल नहीं है । रही भावना की बात तो कहना होगा - भाव शुध्द हो जाते तो भगवान् बनते देर नहीं लगती । शुभ भावना आना अति कठिन है, बहुत मुश्किल है । शुभ भावना आना सरल नहीं है । बाकी सारे काम किए जा सकते हैं, लेकिन भावों में पवित्रता-शुध्दता सहज नहीं आती । आप चाहे घर पर हों या दुकान पर, टी.व्ही. देख रहे हों या मैच, आप घर-परिवार के सारे काम करते हैं, आमोद-प्रमोद के कामों में थकते नहीं, पर क्या सारे काम करते हुए सामायिक की बात याद आती है ? आप कभी माला जपने बैठ भी जायें तब एक, दो नहीं, कई काम याद आ जाते हैं । माला फेरते, संवर-

सामायिक करते, ज्ञान-ध्यान सीखते कई तरह के विचार आना सहज है । धर्म करते पाप-कार्यों पर ध्यान चला जाता है किन्तु पाप करते हुए पुण्य की बात याद आती है या नहीं ? मेरा कथन केवल इतना ही है कि पाप करते पुण्य की बात याद नहीं आती इसलिए घर में रहते हुए शुभ भावना आना पानी में पत्थर तिराना है ।

ज्ञानियों ने दान को सरल तो बताया ही, पर उसे पहले स्थान पर रख दिया । दान, शील, तप और भावना में दान का स्थान पहला है । कारण है, दान सबसे सरल है । हर व्यक्ति दान दे सकता है चाहे वह छोटा हो या बड़ा । अमीर-गरीब सब दान कर सकते हैं। इस पंचम आरक रुप कलियुग में सबसे कोई सरल धर्म है तो वह है दान । दान-शील-तप-भावना में दान सरल है, मेरे इस कथन के पीछे अपेक्षा रुप विचार रहे हैं। दान सरल है, सहज है, सीधा है, हर आदमी दान कर सकता है । शील पालना अवस्था के साथ होता है, तपश्चर्या समझदारी से होती है, भावना ज्ञान जगने से बनती है । दान सबके लिए है, सब कर सकते हैं । नीतिकारों ने कहा है -

ब्याजे स्याद् द्विगुणं वित्तं, व्यवसाये स्थान् चतुर्गुणं।<br>
क्षेत्रे शतगुणं प्रोक्तं, दानेऽनंतगुणं तथा ।।

आप व्यापारी हैं । जानते हैं ब्याज में लगाया धन दिन-रात कमाता है । ब्याज पर लगाया धन दो गुना हो सकता है । व्यवसाय में लगाया धन आदमी की किस्मत चमके तो चौगुना हो सकता है । खेत में डाला गया दाना सौ गुणा हो सकता है । दान दिया हुआ अनन्त गुणा हो सकता है । आप सब धन बढ़ाना चाहते हैं, इसके लिए अनुभवियों ने कहा - 'दे' । आचार्य भगवन्त पूज्य श्री हस्तीमलजी म.सा. ने अपने गुरुदेव आचार्य भगवन्त पूज्य श्री शोभाचन्द्रजी महाराज से दान के संदर्भ में सुना, वह है -

दीन को दीजिए होत दयावंत<br>
मित्र को दीजिए, प्रीति बढावे ।<br>
सेवक को दीजिए, काम करे बहु,<br>
सायर को दीजिए, आदर पावे ।<br>
शत्रु को दीजिए, वैर रहे नहीं,<br>
याचक को दीजिए, कीर्ति गावे ।<br>
अभय-सुपात्र मोक्ष का कारण,<br>
हाथ दियो मन वृथा न जावे ।।

आप चाहे जिसे दें, दिया हुआ कभी व्यर्थ नहीं जाता । अगर किसी दीन को देंगे तो वह जहाँ कहीं जायेगा, वहाँ कहेगा - अमुक सेठ बड़ा दयालु है । मित्र को देने पर मित्रता प्रगाढ़ होती चली जाएगी । नौकर को देने पर वह दौड़कर हर काम उत्साह के साथ करेगा। सेवक को दान करोगे तो वह धन्यवाद तो करेगा ही, पूरी मेहनत भी करेगा । वह समय-असमय की बात भुलाकर हर समय समर्पित बना रहेगा । जो सेवक है उसे दिया गया लाभ भले ही तत्कालीन न दिखाई दे, परन्तु संघ-समाज की सेवा करने वाला अधिक विश्वास से काम निष्पादित करेगा । याचक को देंगे तो वह जहाँ जायेगा, आपकी यशोगाथा कहेगा और दान सुपात्र को दिया जाय, अभय दान दिया जाय, उसका तो कहना ही क्या ? सब दानों में श्रेष्ठ दान है - अभयदान । सुपात्रदान, स्वधर्मी दान और अभयदान से पुण्य का उपार्जन होता है, सद्गति प्राप्त होती है, स्थाई सुख मिलता है । दान दिया कभी निष्फल नहीं जाता ।

दान कौन दे सकता है ? शास्त्रकारों ने कहा है - ''स्वर्गश्च्युतानां इहजीव लोके, चत्वारि चिन्हानि भवंति लोके ।'' स्वर्ग से आने वाले के चार चिह्न हैं । देना है, दीजिए । त्यागियों की सेवा करनी है, कीजिए । दुखीजनों के दुख दूर करने हैं, कीजिए । जिसके पास है, वह देगा । देने की भावना होगी तो ही दिया जा सकेगा । कंजूस के पास है, पर देना नहीं होता । कई ऐसे भी हैं जो कहते हैं - किन-किनको दें, इसी तरह

देते रहेंगे तो यह जो भी धन है, वह एक दिन समाप्त हो जाएगा।

बादल देते हैं । काले-कजरारे बादल गाँव, जंगल, पहाड़ सब जगह वर्षा करते हैं । देते-देते कालापन दूर होता है, बादल सफेद हो जाते हैं । वृक्ष देते हैं । देते-देते सूख सकते हैं । कुआँ पानी देता है । कुएँ में पानी निकालते-निकालते हो सकता है पानी कुएँ में रहे नहीं । जो बादल वर्षा करते-करते सफेद हो गए, वे समुद्र से पानी लेकर फिर बरसते है । पेड़ फल देता है । फल देते-देते सूख भी जाए तो फिर से हरा-भरा हो जाता है । पानी निकालते-निकालते कुआँ खाली हो गया, ऐसा दिखता है लेकिन रात में सीरें आएँगी तो खाली कुआँ पानी से लबालब भर सकता है। इसलिए एक कहावत प्रचारित हो गई -

चिड़ी चोंच भर ले गई, नदी न घटियो नीर ।
दान दियां धन ना घटे, कह गए दास कबीर ।।

देने से कमी आ जाएगी, ऐसा मत सोच लेना । ज्ञान है वह भी यदि दिया जाय तो बढ़ता है । यह तो सरस्वती के भण्डार की महिमा है -

सुरसती के भंडार की, बड़ी अपूरब बात ।
ज्यों खरचे त्यों-त्यों बढ़े, बिन खरचे घटि जात ।।

ज्ञान दिया नहीं जाएगा तो विस्मृत हो जाएगा । ज्ञान-दान में कभी संकोच मत करना । ज्ञान दें । क्यों दे? आचार्य भगवन्त ने तीन दानों को अखण्ड निर्जरा वाले कहा है । वे तीन दान है - ज्ञान दान, सुपात्र दान और अभयदान । अगर मिथ्यादृष्टि को सम्यग्दृष्टि बनाना है, अधर्मी को धर्मी बनाना है, पापी को पुण्यात्मा बनाना है, तो दें । आचार्य श्री हरिभद्रजी की भाषा में कहूँ - ''दान सकल जीवलोक में अमरता की घोषणा करता है ।''

आप जहाँ है वहाँ संस्कारों का दान करें । आज घर-परिवार में और संघ-समाज में सबसे ज्यादा जरुरत संस्कारों की है । आज आप में से कई लोग हैं जो बातों में बैठ जायें तो घंटों पूरे कर देंगे । तेरी-मेरी में समय जाया करने में विचार तक नहीं आता । राजनीति की क्या गुत्थियाँ हैं, उनको सुनने व सुनाने में कितना वक्त बर्बाद हो रहा है, इसकी किसी को परवाह नहीं, पर घर के बच्चों को संस्कार देने का न आपके पास समय है और न ही तैयारी । संघ और समाज में समस्याएँ होना नई बात नहीं, लेकिन समस्याओं के समाधान के लिए किसी का कोई चिन्तन नहीं । आप संघ या समाज में अधिकारी हैं, आप जिस दायित्व को लेकर चल रहे हैं, वहाँ कंजूसी नहीं हो ।

अगर घर, परिवार और संघ और समाज में धर्म और नीति के संस्कार नहीं दिए और संस्कारों के अभाव में घर का या समाज का कोई सदस्य अधर्मी-अज्ञानी रह गया तो कितना नुकसानदेह होगा ? यहाँ बैठे लोगों में से कई ऐसे हैं जो शास्त्र पढ़ते हैं, जानते हैं, बोल और थोकड़े उनको याद हैं परन्तु यदि वे अपने घर के बच्चों को संस्कार देने में सजग नहीं है, तो मान कर चलिए घर में अंधेरा है ।

आज एक-एक व्यक्ति कई संस्थाओं से जुड़ा हुआ है । वह संस्थाओं के काम तो देखता है, परन्तु उसे अपने घर के बच्चों से बात करने की फुर्सत नहीं है। आप पिता है, पर जब तक परिवार के बच्चों को संस्कारित नहीं करते हैं तो कैसे पिता है ? ''पाताति पिता: ।'' संस्कारों का रक्षण करे वह पिता । सन्तानें पशुओं के भी होती हैं, गधों के, कुत्तों के संताने हैं, पर क्या वे पिता कहलाते हैं ? मानव, पिता है । इसलिए उसका दायित्व है कि वह अपने बच्चों को संस्कार दे।

आप संघ-सेवी हैं तो स्वधर्मियों के बीच बैठकर धर्म की चर्चा करें, संघ सदस्यों की क्या समस्याएँ हैं, उन समस्याओं को सुनें, समझें और सम्यक् समाधान निकालें तो संघ-सेवी होना और कहलाना सार्थक

होगा। घर में बच्चों को, परिवारजनों को और समाज में तथा संघ-सदस्यों को संस्कारों का दान करें। अगर ऐसा करते हैं तो आप इन्द्रनाथजी मोदी की तरह याद किए जाएँगे। आपमें से किसी ने न्यायमूर्ति इन्द्रनाथजी मोदी को देखा है ? वे कैसे मधुर संभाषण करते थे। वे छोटे से भी बात करते तो आदर के साथ बोलते और मधुरता के साथ समस्या का समाधान, जो सबको जंचे और रुचे, उसके अनुसार देते। आज आप घर पर बच्चों को कहीं तूकारे-रेकारे से तो संबोधित नहीं करते हैं ? किसी बच्चे को बुलाना हो तो कहते हैं - ''अठी आइजे।'' एक बार, दो बार कहने पर भी बच्चा नहीं आए तो कई हैं जो बोल जाते हैं - ''कठे बलियो, बोलो है काँई, सुणिजे कोनी।'' आज घर-घर की स्थिति विचित्र है। बड़ों का मान कम हो रहा है, छोटों का मन नहीं रखा जा रहा है तो कहना होगा ''महलां बैठी कहे, उकरड़ी बैठ सुणे।'' कुएँ में जैसी आवाज दी जाएगी, लौटकर वैसी आवाज आएगी। आपकी भाषा मधुर होगी, ऊँची होगी, अच्छी होगी तो बच्चों में वैसे संस्कार बनेंगे। आप स्वयं बोलने में विवेक न रखो और चाहो कि बच्चे मधुर बोलें, धीरे बोलें, अच्छा बोलें तो यह नहीं हो सकता। बच्चे बड़ों की नकल करते हैं। आप में से कुछ ऐसे भी मिलते हैं, जिन्हें कहा जाता है ज्यादा ऊँची आवाज में नहीं बोलना। उनका जवाब होता है - ''बाबजी ! म्हारी तो आवाज ही बुलन्द है, धीरे तो बोलीजे कोनी।'' क्यों ? आपका अपनी आवाज को बुलन्द कहना ठीक नहीं है। कारण है कि आप अपने खास लोगों के साथ समय-समय पर कानाफूसी भी करते हैं। बहुत धीरे बातें भी करते हैं। आप जैसा मौका देखते हैं, वैसा आपको बोलना आता है। बुलन्द आवाज कहना तो बहाना है। दुकान पर कोई सेल्स टैक्स या इन्कम टैक्स का इन्सपेक्टर आ जाए तो उसके साथ कैसे बात करते हैं ? मुझे कहना इतना ही है कि आप बच्चों को अच्छे संस्कार दें। जरुरत है आप अपना आचार-व्यवहार सबके साथ मधुर रखें। जिस घर में संस्कारों की अमर बेल होगी, वह घर स्वर्ग-सा होगा।

मैंने जज साहब जसराजजी चौपड़ा को देखा है। उनके माताजी-पिताजी जब थे, उस समय का तो मुझे ध्यान नहीं, पर कोर्ट जाते समय वे बड़े भाई साहब को नमस्कार करके जाते। आपके किन-किन घरों में यह रिवाज है। जलगाँव के सुरेश दादा सोने से पहले माँ के पैर दबाकर सोते। महाराष्ट्र शासन में मंत्री रहे, मिल के मालिक और नगर के अध्यक्ष जैसे पदों पर रहे, किन्तु माँ के पैर दबाए बिना नहीं सोते। जिस घर में ऐसा वातावरण हो उस घर में बच्चों को कहने की जरुरत नहीं पड़ती, वह स्वत: ही ऐसा आचरण करेंगे।

मुझे कहना है - ज्ञानदान एकान्त निर्जरा का कारण है। सुपात्रदान और अभयदान भी एकान्त निर्जरा का कारण है। आपने दान के विषय में बहुत सुन रखा है। एक चोर को फाँसी की सजा हो गई। जिस राजा ने फाँसी की सजा का हुकम दिया, उसको चार रानियाँ थी। चारों रानियों को लगा - राजा साहब ने फाँसी की सजा दी, यह ज्यादा है। एक रानी ने कहा - महाराज ! गुनाह सबसे होता है, चोर ने गुनाह किया, उसे माफ कर देना चाहिए। अभयदान सबसे बड़ा दान है। जीव-रक्षा, जीव-दया, जीव पर अनुकम्पा सबसे श्रेष्ठ दान है। अभयदान को सर्वश्रेष्ठ दान कहा गया है।

दूसरों की दया श्रेष्ठ है, पर दूसरों की दया के साथ अपनी दया भी करें। अपने-आपको अभयदान देना, पाप से निवृत्ति करना है। मैंने तीन करण - तीन योग से हिंसा का त्याग कर लिया। जीव चाहे सूक्ष्म हो, बादर हो अथवा त्रस हो या स्थावर हो, सब जीवों की हिंसा का त्याग कर दिया, अभयदान दे दिया, फिर आगार की जरुरत नहीं।

एक है – सुपात्र दान । संसार का प्रत्येक जीव शांति चाहता है । हर जीव सुख चाहता है, समाधि चाहता है । भगवती सूत्र स्पष्ट करता है कि तथारुप श्रमण-निर्ग्रन्थ को दान देने वाला एकान्त समाधि प्राप्त करता है । जो दूसरों को साता पहुँचाए, सुख समाधि पहुँचाए तो निश्चित मानकर चलिए समाधि देने वाला स्वयं समाधि पायेगा । सुपात्रदान सरल है । अनुभवियों की भाषा में कहूँ – सुपात्रदान समकित दिलाने वाला है। सुपात्रदान शालिभद्र बनाने वाला है । सुपात्रदान तीर्थंकर नामकर्म गोत्र का उपार्जन कराने वाला है । सुपात्रदान सिध्द बनाने वाला है । आपने पाया है तो दें। भावना से दें । मुट्ठी बन्द रखने के बजाए खुले हाथ से दें । किसी दीन-दुखी को, गरीब को, भूखे को देखकर उसका तिरस्कार न करें, बल्कि आपके पास जो है उसमें से कुछ दें ।

यह दान-धर्म आज से है, ऐसा नहीं है । यह तो अनादि धर्म है । धर्म-तीर्थ की स्थापना नहीं हुई तब भी दान-धर्म था । अज्ञानी-मूढ़ तक भी बिना माँगे कुछ-न-कुछ देते थे । उन्हें कोई बताने, सिखाने, पढ़ाने नहीं आया । चींटी को आटा डालते हैं, चीलों को बड़े लुटवाते हैं, पक्षियों को दाना-चुग्गा देने की परम्परा वर्षों पहले की है । कहना होगा – जब से मानव है, तभी से दान धर्म है । नीतिकारों ने कहा – सूरदास चलते-चलते गड्ढे में गिरने लगा, पास में बैठा एक व्यक्ति देखता रहा पर उसे आगाह नहीं किया तब दूर बैठा तिसरा बोल उठता है – ''उस बेचारे की तो आँखें नही है, तुम्हारी आँखें कहाँ गई ?'' तुम्हारा कर्त्तव्य क्या है ?

आपको तैरना आता है । आप तालाब के किनारे खड़े हैं । आपके देखते-देखते कोई बच्चा डूब रहा हो तो उस समय आपका क्या कर्त्तव्य है ? आप न जात देखेंगे, न पाँत, छोटा-बड़ा, गरीब-निर्धन देखे बिना डूबते बच्चे को बचायेंगे, पानी से बाहर निकालेंगे । कोई भूखा है, आपके पास टिफिन भरा हुआ है, उस समय क्या करना चाहिए ? क्या उसे देने से मना कर देना चाहिए ?

आपके पास है तो घर के दरवाजे खुले रखिए । दान से बढ़कर कोई धर्म नहीं है, यह तिरने का रास्ता है। आप सुख चाहते हैं तो दान करें । दान चाहे ज्ञान का हो, संस्कारों का हो, अभयदान या सुपात्रदान हो, अगर है तो दें । जिसने दिया है, उसने पाया है । देने वाले को मिलता है । कोई भीखमंगा है वह आपके घर माँगने ही आया है, एकान्त ऐसा नहीं कहा जा सकता । वह यह कहने आया है कि मैंने कभी दिया नहीं, इसलिए आज मैं भीखमंगा हूँ, आपके द्वार पर हाथ फैला रहा हूँ । आपने पाया है तो दे दें, नहीं तो आपको भी एक दिन माँगना पड़ेगा । आप यदि खुशहाल रहना चाहते हैं तो दें ।

सुपात्र दान में केवल संत ही नहीं आते । सुपात्र दान में साधु, श्रावक और सम्यग्दर्शनी तीनों आते हैं । साधु को आप देते हैं, देना चाहिए पर स्वधर्मी बन्धु भी आपसे अपेक्षा रखते हैं । आप शादी-विवाह से पार्टियों में सौ-डेढ सौ आयटम बनाकर, बारात को हवाई जहाज से बुलाकर न जाने क्या-क्या करते हैं, पर स्वधर्मी बन्धु जो धर्म से डिगायमान हो रहा है उसके लिए क्या करते है ? इस पर भी कुछ चिन्तन करें । आपने वासुदेव श्रीकृष्ण का जीवन सुना है । उन्होंने घोषणा करवा दी, ''जो भी संयम लेना चाहें वे ले लें, मैं उनके परिवार की देख-रेख करुँगा ।'' धर्मी, धर्म में कठिनाई महसूस कर रहा है, ऐसे समय में आपका दान, उसे धर्म में स्थिर कर सकता है । दान से आप मोक्ष-मार्ग में आगे बढ़ सकते हैं । जो देगा, पाएगा । आप ज्ञान दान दीजिए, सुपात्रदान दीजिए, अभयदान दीजिए। दान देने वाला सुख, शांति और आनन्द प्राप्त करेगा । ●